## एक नजर

### स्कूल बस पलटी, चालक व सह चालक घायल

**उंटारी रोड।** थाना क्षेत्र के पांडेपुर गांव के कलटु मोड़ के समीप एक स्कूल बस अनियंत्रित होकर पलट गई। बताया जा रहा है कि हादसा के वक्त स्कूली बस में एक भी स्कूली बच्चे नहीं थे। बस पांडेपुर तरफ से उंटारी की ओर जा रही थी। इस बीच कलटू मोड़ के समीप बस अनियंत्रित होकर सड़क किनारे गड्ढे में पलट गई। दुर्घटना में बस चालक व सह चालक को चोट लगी है। घटना की जानकारी स्थानीय पुलिस को दी गई। इसके बाद पुलिस घटना स्थल पर पहुंच कर घायल, चालक व सह चालक को ईलाज के लिए नजदीक के अस्पताल भर्ती कराया।

# शराब के साथ युवक को आरपीएफ ने किया गिरफ्तार

## ऑपरेशन सतर्क के तहत गढ़वा रोड आरपीएफ ने की कार्रवाई

**नवीन मेल संवाददाता**

**विश्रामपुर।** गढ़वा रोड आरपीएफ ने अवैध शराब के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार युवक नवादा बिहार का रहने वाला है। युवक चोरी छीपे तीन बैग में शराब की बोतलों को भरकर अवैध रूप से लेकर जा रहा था। आरपीएफ ने गिरफ्तार युवक को अग्रेतर कार्रवाई के लिए गढ़वा उत्पाद विभाग को सौंप दिया है। गढ़वा रोड आरपीएफ की यह कार्रवाई ऑपरेशन सतर्क के तहत किया गया। गढ़वा रोड आरपीएफ प्रभारी बनारसी यादव ने बताया कि गढ़वा रोड रेलवे सुरक्षा बल



पोस्ट के क्षेत्राधिकार में अवस्थित गढ़वा टाउन रेलवे स्टेशन पर कैम्पिंग ड्युटी में तैनात प्रधान आरक्षी जितेन्द्र कुमार मीणा व आरक्षी देव कुमार पांडेय ने सिंगरौली-पलामू एक्सप्रेस को पास कराने के लिए रात्रि मे समय लगभग 22:30 बजे गश्त कर रहे थे। गश्त के क्रम में गढ़वा रेलवे स्टेशन प्लेटफार्म संख्या-02/03 पर स्थित फुट ओभर ब्रिज के पास एक व्यक्ति दो पिठ्ठु बैग व एक कपड़ा का बैग लेकर खड़ा था। पास जाकर पूछताछ करने पर उसने अपना नाम श्रवण कुमार नवादा पटना (बिहार)निवासी बताया। उसके बैग का तलाशी लेने पर बैग में विभिन्न कंपनियों की शराब की कुल 46 बोतल थी। इसकी किमती 34,950 रुपए है। उन्होंने बताया कि उक्त शराब से संबंधित पूछने पर बताया कि शराब बंदी होने के कारण बिहार ले जाकर ऊंचे कीमत पर बेचता है। उससे भारी मात्रा में शराब ट्रेन में ले जाने बाबत अधिकार पत्र की मांग किया गया, लेकिन मौके पर कुछ भी नहीं दिखा सका। उक्त तस्कर व शराब को कब्जे में लेकर पोस्ट पर लाया गया। इसके बाद उत्पाद विभाग गढ़वा के आरक्षी ओम प्रकाश सिंह को अग्रिम कार्रवाई के लिए सौंप दिया।

## न्यूज बॉक्स

### बनवासी कल्याण केंद्र ने बांटा कंबल



**सिमरिया (चतरा)।** सिमरिया प्रखंड क्षेत्र के लोबगा में शुक्रवार को शिविर लगाकर 50 जरूरतमंद वृद्ध महिला एवं पुरुषों के बीच कंबल का वितरण किया गया। कंबल वितरण कार्यक्रम का शुभारंभ संस्था के सिकंदर प्रजापति, नंददेव यादव, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सत्यम कुमार एवं अन्य अतिथियों द्वारा भगवान बिरसा मुंडा के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया। यह कार्यक्रम जन जातिय गौरव दिवस के उपलक्ष में आयोजित किया गया।

# अवैध रूप से डंप की गई 35 ट्रैक्टर बालू को सीओ ने किया जब्त

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** पलामू जिले के हुसैनाबाद प्रखंड क्षेत्र में बालू की अवैध भंडारण पर अब प्रशासन ने जिला के वरीय पदाधिकारी के निर्देश पर ओवरलोडिंग से लेकर अवैध रुप से डंप की गई बालू को जब्त करने की कार्रवाई शुरू कर दी है। हुसैनाबाद सीओ पंकज कुमार ने प्रखंड के देवरी खुर्द पंचायत के सोनपुरवा से अवैध रूप से डंप 35 ट्रैक्टर बालू को प्रशासन ने जब्त कर लिया है। सीओ के नेतृत्व में शुक्रवार को पूरे दिन बालू जब्ती की कार्रवाई की गई। बनकट बगीचा के किनारे अन्यत्र रूप से डंप की गई अवैध बालू को जब्त किया गया हैं। सीओ के नेतृत्व में अब तक की यह सबसे बड़ी कार्रवाई मानी जा रही है। इस कार्रवाई के दौरान करीब 35 ट्रैक्टर बालू जब्त की गई हैं। इस मामले को लेकर मुखिया व ग्रामीणों से पूछताछ की गई। परंतु किसी ने बालू रखने की बात स्वीकार नहीं की। सीओ ने बताया कि अवैध रूप से डंप बालू को जब्त कर तत्काल प्रखंड परिसर में रखा जा रहा हैं। इसकी सूचना पलामू उपायुक्त व खनन विभाग को भी दे दी गयी है। जिला प्रशासन के निर्देश पर जब्त किए गए बालू का उपयोग विकास कार्यो में किया जाएगा। उन्होंने बताया कि अवैध बालू भंडारण के विरुद्ध यह कार्रवाई आगे भी जारी रहेगा। पूर्व में भी बड़ेपुर व दंगवार से बालू जब्त की गई थी। मौके पर देवरी ओपी प्रभारी बबलू कुमार के अलावा कई ग्रामीण मौजूद थे।



# कस्तूरबा गांधी विद्यालय में 150 छात्राओं की हुई स्वास्थ्य जांच



**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** शुक्रवार को कस्तूरबा विद्यालय हुसैनाबाद में स्वास्थ्य जांच किया गया। साथ ही सभी बालिकाओं का हीमोग्लोबिन जांच किया गया। इसमें150 छात्राओं की स्वास्थ्य जांच कर आयरन की दवा दी गई। आवश्यकता अनुसार आयरन की ब्लू टैबलेट, जो साप्ताहिक खानी होती है, उपलब्ध कराई गई। स्वास्थ्य जांच में शारीरिक साफ-सफाई के साथ-साथ स्वच्छ भोजन की महत्ता को लेकर भी बताया गया। इस स्वास्थ्य जांच में एएनएम प्रियंका कुमारी और प्रीती रानी, सीएचओ द्वारा हैंड वाशिंग के बारे में भी बताया गया। विद्यालय की वार्डेन किरण सिंह ने बताया कि शाम चार बजे तक 150 बालिकाओं का जांच किया जा चुका है। अन्य का जांच दूसरे दिन भी किया जाएगा।

# दंगवार ओपी ने चोर को पकड़ा, भेजा जेल

## चोरी की सामग्री भी हुआ बरामद

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** थाना क्षेत्र के दंगवार ओपी पुलिस ने एक व्यक्ति को चोरी के आरोप में गिरफ्तार कर गुरुवार को जेल भेज दिया। पकड़ा गया चोर सोमनाथ चौधरी औरंगाबाद जिला के ओबरा थाना अंतर्गत नवनेर गांव का निवासी है। वह चौखंडी गांव के बुढ़वा महादेव मंदिर में ग्रामीणों व पुलिस के सहयोग चोरी करते रंगेहाथ पकड़ा गया है। चोर ने दंगवार ओपी के चौखंडी गांव के बुढ़वा महादेव मंदिर व कजरात नावाडीह स्टेशन के पास कररबार नदी के तट पर अवस्थित सूर्य मंदिर में हुए चोरी करने की बात को स्वीकार कर लिया है। दंगवार ओपी प्रभारी सोनू कुमार ने बताया कि पुलिस ने चोर के पास से चोरी की मेमोरी चिप, समरसिबल, साउंड मिक्सिंग मशीन,आहूजा कंपनी का चार यूनिट,दो माइक, तार,एक कंबल सहित कई सामग्री को जब्त किया है। ग्रामीणों ने बताया कि चोरों ने लगातार छह बार उक्त मंदिर से चोरी की थी, उसके बाद से चोर को पकड़ने के लिए लगातार रतजगा कर रहे थे। मंगलवार की रात मे चोर को पकड़ कर पुलिस के हवाले कर दिया गया था, जहां पूछताछ में चोरी करने की बात स्वीकार कर लिया। पुलिस को भी इसकी काफी दिनों से तलाश थी।



# इम्युनिटी बूस्टर का काम करता है शकरकंद

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** सर्दियों में मिलने वाली शकरकंद को स्वीट पोटैटो के नाम से भी जाना जाता है। यह पोषण का खजाना है। इसमें विटामिन ए, सी, पोटैशियम और मैग्नीशियम भरपूर मात्रा में पाया जाता है जो इम्युनिटी बढ़ाने और शरीर को ऊर्जा देने में मदद करता है। इसका लो ग्लाइसेमिक इंडेक्स इसे वजन घटाने के लिए भी फायदेमंद बनाता है। खासतौर पर ठंड के मौसम में, यह शरीर को अंदर से गर्म रखता है और आवश्यक फाइबर प्रदान करता है। इसे कई तरीकों से खाया जाता है और ये हर तरह से शरीर को फायदा ही पहुंचाता है। स्थानीय निवासी के अनुसार, शकरकंद को अलग-अलग तरीकों से पकाकर खाया जा सकता है। इसे छोटे-छोटे क्यूब में काटकर उबालें और हल्का नमक और काली मिर्च डालकर खाया जाता। साथ ही इसका पराठा बनाने के लिए इसे पीसकर आटे में मिक्स करें। इसे तेल में डीप फ्राई कर कुरकुरे स्नैक की तरह खा सकते हैं या फिर दही में मिक्स करके हल्का और हेल्दी सलाद तैयार कर सकते हैं। गुड़ के साथ इसे स्टीम कर मीठे का आनंद लिया जा सकता है। बहुत से लोग इसे भूनकर खाना पसंद करते हैं। इसके लिए शकरकंद को धीमी आंच पर जो चूल्हे या अंगीठी की तो और बढ़िया है, पर भूना जाता है। फिर छीलकर छोटे पीस काटकर काला नमक, भूना जारी और नींबू डालकर सर्व करते हैं।

# शनि देव के प्रसन्न होने से भाग्योदय होता है

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** शनिवार का दिन शनिदेव को समर्पित होता है। मान्यता है कि इस दिन कुछ चीजों का दान करना अत्यंत शुभ होता है, जबकि कुछ चीजों का भूलकर भी दान नहीं करना चाहिए। कर्मफल दाता शनिदेव हर व्यक्ति को उसके कर्मों के अनुसार फल प्रदान करते हैं। न्याय देवता कहे जाने वाले भगवान शनिदेव को प्रसन्न करने के लिए शनिवार का अत्यंत शुभ माना गया है। मान्यता है कि भगवान शनिदेव की सच्चे मन से पूजा व उपासना करने से व्यक्ति को मनवांछित फल की प्राप्ति होती है। शनिदेव को प्रसन्न करने के लिए शनिवार के दिन कुछ चीजों का दान करना अत्यंत शुभ माना गया है। उसके तहत शनिदेव का आशीर्वाद प्राप्त करने के लिए शनिवार को कुछ दान करने से भाग्योदय होता है। उसके तहत जीवन की विघ्न-बाधाओं के दूर करने के लिए शनिवार के दिन 6 तरह के अनाज का दान करना अत्यंत लाभकारी होता है। अनाज में गेहूं, चावल, चना, मक्का, ज्वार और काली उड़द शामिल करना चाहिए।

### शनिवार को यह करें दान

आर्थिक तंगी से मुक्ति पाने के लिए शनिवार के दिन गरीब या जरूरतमदों को काले तिल का दान करना चाहिए। ध्यान रहे कि तिल की मात्रा सवा में होनी चाहिए। शनिवार के दिन सरसों के तेल को दान करना अत्यंत शुभ माना गया है। मान्यता है कि ऐसा करने से शनिदेव प्रसन्न होते हैं और शनि दोष से मुक्ति मिलती है। सरसों के तेल का दान किसी भी शनिवार या प्रत्येक शनिवार को किया जा सकता है। शनिवार के दिन लोहे के बर्तन का दान करना अत्यंत शुभ माना गया है। हालांकि इस दिन लोहा खरीदना शुभ नहीं माना जाता है। मान्यता है कि लोहा दान करने से शनिदेव का आशीर्वाद प्राप्त होता है। इसके अलावा शनिवार के दिन कुछ चीजों का दान करना नुकसानदेह हो सकता है। शनिवार के दिन हल्दी का दान करना अशुभ माना जाता है। इस दिन किसी भी पीली वस्तु का दान करने से बचना चाहिए। शनिवार के दिन सफेद चीजों का दान नहीं करना चाहिए। सफेद चीजों का संबंध चंद्रमा से माना गयया है, इसलिए इस दिन सफेद चीजों का दान करना नुकसान भरा हो सकती है। शनिवार के दिन चावल, चांदी, चीनी आदि चीजों का दान करना अशुभ माना जाता है। शनिवार के दिन लाल वस्तु का दान नहीं करना चाहिए। इस दिन भूलकर भी लाल अनाज भी नहीं दान करना चाहिए। मान्यता है कि ऐसा करने से शनिदेव रुष्ट हो सकते हैं। लाल रंग का संबंध सूर्य से होता है। सूर्य और शनि के बीच शत्रुता का भाव है। शनिदेव का प्रिय काला है। इसलिए शनिवार के दिन काले रंग की वस्तुएं दान करना अच्छा माना गया है।

# रेलवे भर्ती बोर्ड की परीक्षा के मद्देनजर स्पेशल ट्रेनों का होगा परिचालन

**नवीन मेल संवाददाता**

**मोहम्मदगंज।** रेलवे भर्ती बोर्ड की परीक्षा के मद्देनजर पटना-रांची और बरौनी-धनबाद के अलावा गढ़वा रोड-बिलासपुर के मध्य भी इसे लेकर स्पेशल ट्रेन का परिचालन किया जा रहा है। इस संबंध में जानकारी हाजीपुर जोन के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी सरस्वती चंद्र ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर दी है। इसमें उन्होंने बताया है कि गढ़वा रोड-बिलासपुर परीक्षा स्पेशल 24 एवं 27 नवंबर को गढ़वा रोड से 06.00 बजे खुलकर उसी दिन 23.00 बजे बिलासपुर पहुंचेगी। वापसी में बिलासपुर-गढ़वा रोड परीक्षा स्पेशल 25 एवं 29 नवंबर को बिलासपुर से 20.00 बजे खुलकर अगले दिन 11.30 बजे गढ़वा रोड पहुंचेगी। अप एवं डाउन दिशा में यह परीक्षा स्पेशल डालटनगंज, बरवाडीह, लातेहार, टोरी, खलारी, पतरातू, बरकाकाना, मूरी, टाटा, चक्रधरपुर, राउरकेला एवं झारसुगुड़ा स्टेशनों पर रूकेगी । इस स्पेशल ट्रेन में साधारण श्रेणी के 14 कोच होंगे। इस परीक्षा को लेकर स्पेशल ट्रेन की सुविधा उपलब्ध कराने के प्रति अभ्यर्थियों ने खुशी जताई है।



# सेवानिवृत्त शिक्षक सुदामा दुबे का हृदय गति रुकने से निधन

**नावाबाजार।** नावाबाजार प्रखंड क्षेत्र के चेचरिया गांव निवासी सेवानिवृत्त शिक्षक 75 वर्षीय सुदामा दुबे का हृदय गति रुकने से शुक्रवार की दोपहर निधन हो गया। शनिवार की सुबह स्वर्गीय दुबे का दाह संस्कार किया जाएगा। वह अपने पीछे 2 पुत्र व पांच पुत्रियों का भरा पूरा परिवार छोड़ गए। बता दें कि सेवानिवृत्त शिक्षक स्वर्गीय दुबे गढ़वा जिले में पदस्थापित थे। 15 वर्ष पूर्व सेवानिवृत्त होकर गांव में ही परिवार के साथ रहते थे। वह ईमानदार, शांत स्वभाव व उच्च विचार के व्यक्ति थे। गांव समाज में इनके व्यक्तित्व के सभी कायल रहते थे। इनके निधन की खबर सुनते ही क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। उनके दरवाजे पर पहुंच लोगों ने कारणों को जाना। परिवार के सदस्यों ने बताया कि शुक्रवार को लगभग तीन बजे हृदय गति रुक गई। परिवार के सदस्यों ने बताया कि स्वर्गीय दुबे लगातार अस्वस्थ थे। फिर भी अपने दैनिक नित्य क्रिया करते थे। कभी परिवार के सदस्यों पर अपने को बोझ महसूस नहीं होने दिया। स्वर्गीय सुदामा दुबे के दोनों पुत्र अखिलेश कुमार दुबे व मिथलेश कुमार दुबे सामाजिक कार्यो में बढ़-चढ़कर भाग लेते हैं। वहीं स्वर्गीय सुदामा दुबे शिक्षक भोलानाथ दुबे के बड़े भाई थे। घटना की जानकारी मिलते हीं शुभचिंतकों का घर पर तांता लगा है।

## परेशानी | दम तोड़ रही है ग्रामीण क्षेत्र की सड़कें, कोई देखने वाला नहीं

# कोसीआरा में उत्तर कोयल मुख्य नहर जर्जर





### लोगों को इस रास्ते से गुजरना जोखिम से खाली नहीं है : ग्रामीण

**नवीन मेल संवाददाता**

**हैदरनगर।** पंसा गांव के समीप कोयल नदी में झारखंड की सबसे बड़ी बनी पुल गढ़वा समेत अन्य राज्यों को जोड़ती है। उत्तर कोयल मुख्य नहर का अति व्यस्ततम पुल पर गार्डवाल तो धराशायी हो गया। अब पूरा जर्जर पुल भी कभी धराशायी होने के कगार पर है। यहां कभी भी बड़ी दुर्घटना होने की संभावना बनी है। मुखिया अबू नसर सिद्दीकी, ग्रामीण फिरोज सिद्दीकी, दिनेश पाल, उपेन्द्र राम, रविन्द्र राम ने कहा कि इस पुल ने रोज सैकड़ों छोटे बड़े वाहनों को भी गुजरना पड़ता है। ग्रामीणों ने कहा कि कई बार अनजान लोगों को इस रास्ते से गुजरना जोखिम से खाली नहीं है। वर्तमान में इस पुल को देखते और गुजरते ही लोगों को भय लगा रहता है। उन्होंने कहा कि हैदरनगर पंसा मुख्य पथ झारखंड के सबसे लंबा पुल को जोड़ते हुए गढ़वा जिला सहित कई अन्य राज्यों का आवागमन को जोड़ता है। इसके बावजूद अब तक न तो उत्तर कोयल मुख्य नहर परियोजना के अधिकारियों ने इस जर्जर पुल के जीर्णोद्धार को संज्ञान में लिया और राज्य सरकार और उनके आला अधिकारियों ने गंभीरता से लिया है। उन्होंने कहा कि यदि इस पुल पर गार्डवाल सहित अविलंब मरम्मती का काम नहीं कराया गया तो कोई भी बड़ी दुर्घटना से इंकार नहीं किया जा सकता है। इस रास्ते से गढ़वा जिला के कांडी क्षेत्र के लोगों के अलावा हैदरनगर थाना क्षेत्र के दो दर्जन से अधिक गांव के लोगों के आवागमन प्रमुख मार्ग है। हैदरनगर सिंघना पांती मुख्य पथ के जीर्णोद्धार कार्य कराने को लेकर कई स्थानों पर सड़क के नीचे भूमिगत ह्यूम पाइप डाला गया, अब तक पांच स्थानों पर पुल निर्माण नहीं बनाते जाने से उक्त पाइप क्षतिग्रस्त हो चुके हैं। ग्रामीण अनूप कुमार सिंह, उपेन्द्र सिंह ने बताया कि इस पथ के दुरुस्त नहीं होने से दर्जनों गांवों के ग्रामीणों का आवागमन में काफी परेशानी हो रही है। बंभडी पंचायत के जमुआ कला गांव में नये पुल निर्माण की आस तीन वर्ष से ग्रामीण देख रहें है। युवा सामाजिक कार्यकर्ता अंकू सिंह राणा, दिनेश पासवान, मनोज सिंह ने कहा कि जर्जर पुल के धराशायी होने के भय से वाहनों का गुजरना प्रायः बंद ही हो चुका है। उन्होंने कहा कि इस संबध में स्थानीय प्रशासन, जनप्रतिनिधियों को ग्रामीण संज्ञान में देने का प्रयास किए हैं, किंतु क्षेत्र के दर्जनों पुल पुलिया सहित सड़कों की दशा सुधारने के प्रति पहल नहीं किया गया है।

# सौंदर्यीकरण व विकास की बाट जोह रहा काशीसोत डैम

## सैलानियों के आकर्षण का बड़ा केंद्र है मनोरम स्थल



**नवीन मेले संवाददाता**

**मोहम्मदगंज।** भीम चूल्हा के साथ ही पिकनिक स्पॉट के रूप में काशीस्त्रोत डैम स्थल की भी अलग पहचान बन गई है। खास मौकों साल के अंतिम और नववर्ष के प्रथम सप्ताह तक सैलानियों के लिए पिकनिक स्पॉट बन जाता है यह मनोरम स्थल। जंगलों-पहाड़ों के प्राकृतिक सौंदर्य की गोद में बने डैम में जमा अथाह जल का विहंगम दृश्य नयनाभिराम लगते हैं। इसे अभी पर्यटन के दृष्टिकोण से विकसित नहीं किया जा सका है। लोगों ने बताया कि इस दिशा में 6 माह पहले कदम उठाया गया था। मगर प्रस्तावित योजना पर काम अब तक नहीं पूरा नहीं किया गया। बताया गया कि तब पर्यटन विभाग की टीम ने स्थलीय मुआयना कर इसके सौंदर्यीकरण और विकास का संकेत दिया था। इस टीम में शामिल पर्यटन विशेषज्ञ सुशील द्विवेदी को डैम स्थल तक पहुंच पथ बनवाने के साथ ही सैलानियों की सुविधा के लिए पेयजल युक्त रिफ्रेशमेंट रुम, सोलर लाइटिंग, चेयर सीटर बोट सहित अन्य जरूरी संसाधन स्थापित करने का सुझाव जिला कांग्रेस सहकारिता विभाग के चेयरमैन अभियंता राहुल कुमार सिंह ने दिया था। इस पर काम कराने की बात विभागीय टीम ने कही थी। मौके पर उनके अलावा कुंदन सिंह और सुनील यादव सहित कई ग्रामीण उपस्थित थे। इसके अलावा प्रखंड मुख्यालय के स्तर से भी जेई और पंचायत प्रतिनिधियों ने भी इसे लेकर अलग से मुआयना किया था। युवा समाज सेवी अश्विनी कुमार सिंह का कहना कि यह इस दिशा में जिला पार्षद अंजू देवी की पहल का परिणाम सामने आया है।

### पर्यटन विशेषज्ञ के दौरा से जगी उम्मीद अबतक पूरी नहीं

# विधानसभा चुनाव 2024: मतगणना की तैयारी पूरी, 7 बजे से शुरू होगा गिनती

■ हार-जीत पर संयम, विजय जुलूस में हथियार लहराने पर कार्रवाई : जिला निर्वाचन पदाधिकारी

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** विधानसभा चुनाव 2024 के लिए पलामू जिले में मतगणना की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। जिला निर्वाचन पदाधिकारी शशि रंजन ने शुक्रवार को गणेश लाल अग्रवाल कॉलेज स्थित मतगणना स्थल का निरीक्षण किया। उनके साथ उप विकास आयुक्त शब्बीर अहमद, नगर आयुक्त जावेद हुसैन, रिटर्निंग ऑफिसर और अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे। निरीक्षण के दौरान बैरिकेडिंग, पंडाल, स्ट्रॉन्ग रूम, मीडिया सेंटर, मेडिकल सेंटर, खानपान की व्यवस्था और मतगणना कक्ष का जायजा लिया गया।

**मतगणना स्थल पर सख्त निगरानी :** जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने निर्देश दिया कि केवल अधिकृत पहचान पत्र और प्रवेश पास वाले व्यक्तियों को ही मतगणना स्थल में प्रवेश दिया जाएगा। इसके लिए तीन स्तर की जांच होगी। मतगणना में शामिल कर्मियों को सुबह 5 बजे रिपोर्ट करना होगा। मतगणना का कार्य सुबह 7 बजे से शुरू होगा। इस दौरान पलामू जिले के पांच विधानसभा क्षेत्रों के लिए कुल 96 टेबल और डाक मतपत्रों की गिनती के लिए 40 अतिरिक्त टेबल लगाए गए हैं।



### डाक मतपत्र की गिनती पहले होगी

मतगणना की शुरूआत डाक मतपत्रों से होगी, इसके बाद स्ट्रॉन्ग रूम खोला जाएगा और ईवीएम के वोटों की गिनती शुरू होगी। सुबह 9 बजे से रुझान मिलने लगेंगे और देर शाम तक सभी परिणाम घोषित होने की संभावना है। डालटनगंज विधानसभा के लिए सबसे अधिक 20 राउंड में 424 बूथों के मत गिने जाएंगे। विश्रामपुर, छतरपुर और हुसैनाबाद में 19-19 राउंड, जबकि पांकी के लिए 18 राउंड में मतगणना पूरी होगी।

### त्रिस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था

मतगणना केंद्र पर त्रिस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था की गई है। बाहरी सुरक्षा की जिम्मेदारी जिला बल के जवानों पर होगी, मध्य स्तर पर झारखंड सशस्त्र बल तैनात रहेंगे और अंत में सीआरपीएफ की निगरानी होगी। सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए 1,000 से अधिक कर्मी तैनात किए गए हैं।

### संयम बरतने की अपील

जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने सभी प्रत्याशियों और उनके समर्थकों से अपील की है कि चुनावी परिणाम को लोकतांत्रिक प्रक्रिया का हिस्सा मानते हुए संयम बरतें। विजय जुलूस के दौरान हथियार लहराने या हर्ष फायरिंग की घटनाओं पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि हार-जीत जीवन का हिस्सा है और इसे सकारात्मक दृष्टिकोण से देखना चाहिए।

### अनिवार्य सेवाओं की व्यवस्था

मतगणना स्थल पर बिजली, इंटरनेट, और अन्य सुविधाओं की सुनिश्चितता की गई है ताकि मतगणना प्रक्रिया निर्बाध रूप से पूरी हो सके। प्रत्याशियों के लिए विशेष पंडाल और मीडिया के लिए सूचना केंद्र की भी व्यवस्था की गई है। प्रत्याशियों और जनता में चुनाव परिणाम को लेकर उत्सुकता चरम पर है। शनिवार का दिन न सिर्फ प्रत्याशियों बल्कि समर्थकों और आम नागरिकों के लिए भी बेहद महत्वपूर्ण साबित होगा।

## ठंड से राहत : मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज में मरीजों को मिलने लगे कंबल



नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में भर्ती मरीजों को अब कंबल मिलना शुरू हो गया है। इससे विशेष रूप से गरीब और असहाय मरीज, जो ठंड के कारण रातभर परेशान रहते थे, काफी राहत महसूस कर रहे हैं। इस कदम से मरीजों में खुशी का माहौल है।

यह पहल तब शुरू हुई जब राष्ट्रीय नवीन मेल ने शुक्रवार के अपने अंक में इस समस्या को प्रमुखता से प्रकाशित किया। खबर का संज्ञान लेते हुए अस्पताल अधीक्षक, डॉ. डी. कुमार ने तुरंत कार्रवाई की। उन्होंने कर्मचारियों को निर्देश दिया कि अस्पताल में भर्ती होने वाले प्रत्येक मरीज को कंबल उपलब्ध कराया जाए। इसके साथ ही, मरीज का नाम, रजिस्ट्रेशन नंबर और मोबाइल नंबर दर्ज किया जाए।


एमएमसीएच में मरीजों को नहीं मिल रहे कंबल, ठंड में हो रही परेशानी

खबर का असर

डॉ. कुमार ने यह भी सुनिश्चित किया कि मरीजों को ठंड से राहत देने के बाद, छुट्टी के समय कंबल वापस लिया जाए। इस व्यवस्था से न केवल मरीजों की सुरक्षा सुनिश्चित होगी, बल्कि अस्पताल के संसाधनों का सही उपयोग भी हो सकेगा। इस पहल की चारों ओर सराहना हो रही है और इसे एक सकारात्मक कदम के रूप में देखा जा रहा है।

## विवादित जमीन पर हमला, छह गिरफ्तार

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** छतरपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत डडटुटा गांव में गुरुवार को विवादित जमीन पर कब्जा करने के प्रयास के दौरान हुई हिंसक घटना में छह लोगों को गिरफ्तार किया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, अपराधियों द्वारा रंगदारी के बल पर जमीन पर काम करवाया जा रहा था। जब ग्रामीणों ने इसका विरोध किया तो अपराधियों ने उन पर जानलेवा हमला कर दिया, जिससे कुछ ग्रामीण घायल हो गए।



छतरपुर थाने की पुलिस ने ग्रामीणों के आवेदन पर कार्रवाई करते हुए शमीम पवरिया (30 वर्ष), चंदन कुमार (24 वर्ष), आकाश कुमार (21 वर्ष), प्रियांशु राज (20 वर्ष), हामिद राजा (22 वर्ष) और सुनील कुमार (31 वर्ष) को गिरफ्तार किया। पुलिस ने इनके पास से एक हंसिया, पांच मोबाइल फोन, चार मोटरसाइकिल, चार लाठियाँ और एक फटा हुआ ब्लाउज बरामद किया है। गिरफ्तार सभी आरोपियों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

## एनसीसी कैडेट्स को वित्तीय साक्षरता की जानकारी दी

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** एनसीसी की 44 बटालियन द्वारा मेदिनीनगर के एक निजी इंटर कॉलेज में आयोजित दस दिवसीय वार्षिक प्रशिक्षण शिविर में कैडेट्स को शारीरिक और मानसिक प्रशिक्षण के साथ विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर जानकारी दी जा रही है। शुक्रवार को शिविर के सातवें दिन भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) के मुख्य प्रबंधक अरविंद बेक ने कैडेट्स को वित्तीय साक्षरता के महत्व के बारे में जागरूक किया। उन्होंने बताया कि पैसे का सही प्रबंधन और समझदारी से निर्णय लेना वित्तीय साक्षरता का मुख्य उद्देश्य है। उन्होंने आय, संपत्ति और ऋण का प्रबंधन, बजट बनाना, समय पर दायित्वों का भुगतान करना और बचत की आदत को विकसित करने के तरीकों पर चर्चा की। साथ ही उन्होंने बताया कि वित्तीय साक्षरता से व्यक्ति को अपने आर्थिक भविष्य को नियंत्रित करने में मदद मिलती है। यह हर आयु, आय और शिक्षा स्तर के व्यक्ति के लिए आवश्यक है। शिविर के दौरान कैडेट्स को मानचित्र अध्ययन, ड्रिल, हथियारों को खोलना और जोड़ना, निशानेबाजी, लाइन लेआउट, करियर निर्माण, राष्ट्रीय एकता और अनुशासन, वृक्षारोपण, संक्रामक रोगों की रोकथाम, स्वच्छता, पर्यावरणीय प्रदूषण, रक्तदान का महत्व, समाजसेवा, एनसीसी का संगठन, आपदा प्रबंधन, राष्ट्र निर्माण में कैडेट्स का योगदान, सैन्य इतिहास, प्राथमिक चिकित्सा और सांस्कृतिक गतिविधियों के बारे में भी विस्तार से प्रशिक्षण दिया जा रहा है।



इस शिविर में कमांडिंग ऑफिसर कवरदीप सहानी, सूबेदार मेजर एसएम ओरायन, सूबेदार दिलीप साहनी और हवलदार अशोक हेंब्रम प्रमुख भूमिका निभा रहे हैं। शिविर का उद्देश्य कैडेट्स को शारीरिक, मानसिक और सामाजिक रूप से सशक्त बनाना है।

## रेड़मा चौक पर दिनभर रहा जाम, शहरवासियों की मुसीबतें बढ़ीं

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** शहर में लगातार प्रयासों के बावजूद जाम की समस्या खत्म होने का नाम नहीं ले रही है। शुक्रवार को रेड़मा चौक, ओवरब्रिज, पांकी रोड और बायपास रोड पर दिनभर जाम की स्थिति बनी रही।



रेड़मा चौक, जो शहर के प्रमुख मार्गों को जोड़ने वाला केंद्र है, बड़े वाहनों के लगातार आवागमन से प्रभावित रहता है। साथ ही, इस क्षेत्र में अधिकांश स्कूल होने के कारण छात्र-छात्राओं और उनके अभिभावकों को जाम के कारण अधिक परेशानी का सामना करना पड़ता है। शनिवार को भी रुक-रुककर जाम लगता रहा। हालांकि रेड़मा चौक पर ट्रैफिक पुलिस तैनात रहती है, लेकिन आसपास के इलाकों में हालात खराब होने पर ही पुलिस सक्रिय होती है। जाम की समस्या से सबसे अधिक परेशानी स्कूली बच्चों और उनके अभिभावकों को होती है, खासकर छुट्टी के समय। शहरवासी जाम की समस्या को लेकर नाराज हैं। उनका मानना है कि पुलिस और परिवहन विभाग की उदासीनता के कारण यह समस्या दिनोंदिन गंभीर होती जा रही है। परिवहन विभाग द्वारा समय-समय पर वाहनों की चेकिंग और चालान काटने का काम तो किया जाता है, लेकिन जाम के स्थायी समाधान के लिए कोई कदम नहीं उठाए जा रहे हैं। रांची रोड, पांकी रोड और बायपास रोड पर दुकानों के सामने वाहन खड़े किए जाने से भी जाम की समस्या विकराल हो जाती है। सड़क किनारे बेतरतीब तरीके से खड़े वाहनों के कारण यातायात बाधित होता है, और कुछ ही देर में सड़क पर लंबा जाम लग जाता है। शहरवासियों ने जाम की समस्या के स्थायी समाधान की मांग की है, ताकि रोजाना हो रही परेशानियों से राहत मिल सके।

## सर्द रातों में एमएमसीएच के मरीज परेशान, खिड़कियों की बनावट बनी समस्या

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल (एमएमसीएच) में ठंड के मौसम में भर्ती मरीजों को अव्यवस्थाओं के कारण गंभीर समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। अस्पताल प्रबंधन की ओर से मरीजों को कंबल उपलब्ध कराए जा रहे हैं, लेकिन बेड के पास बनी खिड़कियों से आने वाली ठंडी हवा से उनकी परेशानियां कम नहीं हो रही हैं।



खिड़कियों की बनावट ऐसी है कि मरीज चाहकर भी इन्हें बंद नहीं कर सकते। सुरक्षा के लिहाज से खिड़कियों पर जाली लगाई गई है, जबकि बाहर की ओर दरवाजा है। इस कारण खिड़कियां अंदर से पूरी तरह बंद नहीं हो पातीं, जिससे ठंडी हवा सीधे कमरे में प्रवेश करती है।

आब्जरवेशन रूम में भर्ती मरीज राजन सिंह ने बताया कि रात में ठंडी हवा चलने से उन्हें अधिक ठंड महसूस होती है, लेकिन खिड़की बंद करने का कोई उपाय नहीं है। खिड़की पर जाली और लोहे की संरचना होने के कारण इसे बंद करना संभव नहीं है। वहीं, खिड़की के पास वाले बेड पर भर्ती मोनू कुमार ने भी बताया कि ठंडी हवा सीधे उनके बेड तक पहुंचती है। तापमान गिरने पर रात में स्थिति और खराब हो जाती है।

मरीजों ने खिड़कियों की समस्या को लेकर अस्पताल प्रबंधन से समाधान की मांग की है, ताकि सर्द मौसम में उन्हें राहत मिल सके।

### बाघ के वन क्षेत्र में होने की जानकारी पर लोगों में दहशत

**गढ़वा।** दक्षिण वन प्रमंडल क्षेत्र के गांवों में बाघ पहुंचने की खबर पर लोग दहशत में हैं। दक्षिणी वन प्रमंडल के डीएफओ एबिन बेनी अब्राहम ने बताया कि बाघ के वन क्षेत्र में आने की खबर ग्रामीणों से मिली थी। 13 नवंबर की रात बड़गड़ के बहेराखांड़ निवासी शिव कुमार सिंह के एक मवेशी का शिकार किया था। उसके बाद उक्त जानवर लौट पीटीआर लौट गया। उसके बाद भी लोगों को जागरूक किया गया है। लोगों से सतर्क रहने की अपील की गई है। पीड़ित ग्रामीण को मुआवजा के तौर पर पांच हजार रुपये भी दिए गए हैं। उक्त वन क्षेत्र के लोग पहले से ही हाथी और भालू के आतंक से परेशान हैं। अब बाघ के वनक्षेत्र में विचरण की खबर पर लोग परेशान हैं। डीएफओ ने कहा कि फिलहाल किसी क्षेत्र में बाघ के होने की खबर नहीं है। वन विभाग पूरी स्थिति पर नजर रख रहा है।

## ठंड के साथ नर्सरियों में बढ़ी चहल-पहल, रंग-बिरंगे फूलों की मांग तेज

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** सर्दी के मौसम की शुरूआत के साथ ही शहर की नर्सरियों में ग्राहकों की भारी भीड़ उमड़ रही है। मौसमी फलों के पौधों के साथ-साथ रंग-बिरंगे फूलों के पौधे लोगों को सबसे ज्यादा आकर्षित कर रहे हैं। इस बढ़ती मांग से नर्सरी मालिकों की बिक्री में जबरदस्त इजाफा हुआ है।

शहर के निवासी अपने घरों, छतों और बगीचों को सजाने के लिए बड़े उत्साह से पौधे खरीद रहे हैं। पौधा खरीदने आए ग्राहक अमित सिंह ने बताया, 'शहर में जमीन की कमी के कारण हम अपनी छतों पर ही पौधे लगाते हैं। सुबह-सुबह इन फूलों को देखकर मन तरोताजा हो जाता है।'



फूल विक्रेता जसवंत चौहान के अनुसार, ठंड के मौसम में फूलों की मांग काफी बढ़ जाती है। उन्होंने बताया कि इस समय फूल वाले पौधों की कीमत 20 से 100 रुपये तक है। खासतौर पर गेंदा, गुलदावदी, गुलाब, चमेली, रातरानी, हरसिंगार, अपराजिता, आइस फ्लावर, पैंजी, डेलिया, और डॉग फ्लावर की भारी डिमांड है। उन्होंने यह भी बताया कि हाल ही में फ्रेसिया के पौधों को लोग काफी पसंद कर रहे हैं। फ्रेसिया अपने सुंदर पौधों और आकर्षक फूलों के कारण लोगों को ज्यादा लुभा रहा है। जसवंत ने बताया कि जिले के ग्रामीण इलाकों से लेकर शहरी क्षेत्रों तक के लोग यहां फूल और पौधे खरीदने आ रहे हैं। सर्दियों में पौधों और फूलों की बिक्री ने नर्सरी व्यवसायियों के लिए अच्छी आय का जरिया बना दिया है। वहीं, यह शहर की खूबसूरती को भी बढ़ा रहा है।

### मतगणना को लेकर शहर में मार्ग परिवर्तित, वाहनों का प्रवेश प्रतिबंधित

**मेदिनीनगर।** विधानसभा चुनाव 2024 की मतगणना के चलते जिला प्रशासन ने सुरक्षा और सुगम यातायात सुनिश्चित करने के लिए मार्ग परिवर्तन का आदेश दिया है। इस क्रम में जीएलए कॉलेज गेट रोड पर वाहनों का प्रवेश आज सुबह 4:00 बजे से मतगणना समाप्ति तक प्रतिबंधित रहेगा। वाहन चालकों को निर्देश दिया गया है कि वे एसबीआई बैंक के बगल से डायवर्टेड मार्ग का उपयोग करें। इसके अलावा, बड़े मालवाहक वाहन और बसें, जो पांकी से डालटनगंज की ओर जा रही हैं, उन्हें रजवाडीह चौक से चियांकी वाईपास रोड होते हुए एनएच 75 से रेडमा चौक तक जाने का मार्ग दिया गया है। इसी प्रकार, डालटनगंज से पांकी जाने वाले वाहन रेडमा चौक से चियांकी पुलिस चेक पोस्ट और रजवाडीह वाईपास रोड होते हुए पांकी पहुंचेंगे। जिला प्रशासन ने आम जनता से अपील की है कि वे इन मार्ग परिवर्तन निर्देशों का पालन करें, ताकि यातायात सुचारू और व्यवस्थित रहे।

## 50 एकड़ में फैला क्षेत्रीय अनुसंधान केंद्र, दर्जनों फलों की किस्में उपलब्ध

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** क्षेत्रीय अनुसंधान केंद्र, चियांकी की स्थापना 1926 में, स्वतंत्रता पूर्व काल में की गई थी। यह अनुसंधान केंद्र जोन-5 के तहत पलामू, गढ़वा, लातेहार, चतरा, लोहरदगा, सिमडेगा, और गुमला जिलों का जोनल रिसर्च स्टेशन है। 50 एकड़ में फैला यह केंद्र किसानों, कृषि से जुड़े छात्रों और अधिकारियों को उनकी जरूरत के अनुसार प्रशिक्षण प्रदान करता है।




बाद में, इसी परिसर में कृषि विज्ञान केंद्र की स्थापना की गई, जिसके लिए 25 एकड़ भूमि आवंटित की गई। अनुसंधान केंद्र में विभिन्न किस्मों के आम, अमरूद और आंवले के हजारों पेड़ हैं। इसके अतिरिक्त, अनुसंधान केंद्र से लगभग एक किलोमीटर दूर 80 एकड़ में फैले फार्म परिसर में नर्सरी विकसित की गई है। इस नर्सरी में विभिन्न फलों, वानिकी पौधों और फूलों की खेती की जाती है। नर्सरी में आम की 15 प्रजातियां, अमरूद की 5 प्रजातियां, नींबू की 6 प्रजातियां, और संतरा, मौसंबी, किनो जैसे फलों की उपज की जाती है।

कृषि वैज्ञानिक प्रमोद कुमार ने बताया कि पलामू में इस प्रकार का उन्नत कृषि अनुसंधान केंद्र होना गौरव की बात है।

यह अनुसंधान केंद्र न केवल किसानों और स्थानीय लोगों को प्रशिक्षण देता है, बल्कि राज्य और केंद्र स्तर के अधिकारियों और नेताओं के आकर्षण का केंद्र भी है। जब भी कोई पदाधिकारी या नेता यहां आता है, तो वे इस केंद्र का दौरा करना नहीं भूलते।

यह जोनल रिसर्च स्टेशन राज्य के पांच कृषि महाविद्यालयों और फॉरेस्ट्री कॉलेज के छात्रों के लिए अध्ययन का महत्वपूर्ण केंद्र है। यहां विद्यार्थी एक माह तक रहकर कृषि संबंधित गहन प्रशिक्षण और अध्ययन करते हैं।

# लगातार दूसरे सप्ताह भी कृषि बाजार में लगनेवाला साप्ताहिक बाजार हुआ अन्यत्र शिफ्ट

**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** लोहरदगा शहरी क्षेत्र के कृषि मार्केट परिसर मे लगने वाले प्रमुख साप्ताहिक शुक्रवार बाजार लगातार दूसरे सप्ताह अन्यत्र स्थान पर लगा। पिछले दो सप्ताह से साप्ताहिक लगनेवाले बाजार को अन्यत्र लगने से उपभोक्ताओं को दिक्कते हुई। जिससे आम नागरिकों को जानकारी के अभाव के कारण दिक्कतें आई। लेकिन बाद मे न्यू पुलिस लाइन के सामने मैदान मे बाजार लगने के कारण लोग उस मैदान में बाजार लगाकर अपने सामानों और कृषि उत्पादों को बेचा। बता दें कि साप्ताहिक बाजार करने के लिए शुक्र बाजार में गांव गांव से लोग हजारों की संख्या में आते है और अपना व्यवसाय करते हैं। यहाँ लगनेवाले बाजार में लोग तरह तरह की सब्जियां और फल लाते हैं। वही मवेशियों की भी बिक्री होती हैं।



इधर शुक्रवार साप्ताहिक बाजार के अन्यत्र शिफ्ट होने के बाद लोगो के समक्ष उपपोह की स्थिति उत्पन्न हो गया। बक्शीडीपा स्थित पुलिस लाइन के सामने मैदान के बाहर ही ग्रामीण अपने उत्पादों को बेचने के लिए सामानों का ढेर लगा दिए थे। जिसके कारण सड़क संकरी हो गई और खरीदने आये लोगो की भीड़ और गाड़ियों के आवागमन में सड़क जाम हुई। गौरतलब है कि विधानसभा चुनाव के कारण कृषि बाजार प्रांगण मे वज्रगृह स्ट्रांग रूम बनाया गया हैं। जहाँ मतदान केंद्रों का चुनाव उपरांत बैलेट बॉक्स को मतगणना तक रखा गया हैं, इस निमित्त कृषि बाजार प्रांगण को जिला प्रशासन अपने अधीन रखा लिया गया हैं। इसलिए सुरक्षा के दृष्टिकोण मे लोहरदगा का महत्वपूर्ण साप्ताहिक शुक्रवार बाजार को लगातार दूसरे सप्ताह भी अन्यत्र शिफ्ट किया गया है।

## हरी सब्जियों के बढ़े दाम, बिगड़ा रसोई का बजट

सब्जियों के भाव ने इन दिनों गृहिणियों की रसोई का बजट बिगाड़ कर रखा दिया है। आम आदमी की थाली से हरी सब्जियां गायब होने लगी हैं। भावों में एकदम से इतना उछाल आया है कि कम आय वाले परिवारों के लिए हरी सब्जी खरीदकर खाना मुश्किल हो रहा है। स्थिति यह है कि कुछ दिन पहले तक 30 रुपये किलो मिलने वाली भिंडी अब 80 रुपये किलो मिल रही है। वही फूल गोभी अब 50 से 60 रुपए किलो मिल रहा है। प्याज 60 से 70 तो हरी धनिया 350 रुपए किलो में खरीदना पड़ रही हैं।जिले में हरी सब्जियों का भाव आसमान पर हैं। सब्जी मार्केट में प्याज 60-70 रुपये के भाव बिक रहा है, जबकि थोक मंडी में प्याज का भाव 50 रुपये है। आम आदमी की थाली में हरी सब्जियों का स्थान चना, बेशन, काबुली चना, राजमा आदि ने ले लिया है। जिले में लहसुन की कीमत 250 से 300 रुपए प्रति किलो, फूलगोभी 50 से 60 रुपये, बैगन- 50 रुपये, मिर्च 90-150 रुपए, धनिया पत्ता 400 रुपए, नींबू 5 रुपये पीस, ओल 50-100 रुपये, शिमला मिर्च 100-130, पालक 50-60, पत्ता गोभी 50-60 रुपए, पेचकि 50 रुपये, साखिन 40 रुपये, नया आलू 45-50 रुपये, पुराना आलू 30 से 35 रुपये, टमाटर 50-60 रुपये के भाव

***लोहरदगा में हरी सब्जियों का भाव आसमान छू रहा, आम आदमी की थाली से गायब हुई हरी सब्जियां***

बिक रही है। सब्जियों के बढ़े दामों का मुख्य कारण स्थानीय और बाहरी क्षेत्र से शहर की सब्जी मंडी में हरी सब्जियों की आवक कम होना बताया जा रहा है। वर्तमान में दो सप्ताह में अधिकतर हरी सब्जियों के दाम दो गुने से ज्यादा हो चुके हैं। एक महीने पहले सब्जी मंडी में 40 रुपए प्रतिकिलो बिकने वाले टमाटर की कीमत बढ़कर 60 रुपए किलो तक पहुंच चुकी है। वहीं सब्जी विक्रेताओं का कहना है कि जिले और उसके आसपास के जिलों से टमाटर की आवक सब्जी मंडी नहीं हो रही है। वर्तमान में मंडी के अंदर जो टमाटर आ रहा है। वह बाहर से आ रहा है। इस कारण से टमाटर के दामों में तेजी से बढ़ोतरी हुई है। खुदरा सब्जी दुकानदार ने बताया कि इस साल मंडी में स्थानीय और बाहरी किसानों के द्वारा हरी सब्जियों की आवक कम हो रही है। इस वजह से सब्जियों के दाम बढ़े हुए हैं। वहीं अधिक दाम बढ़ने से आम लोगों को आर्थिक परेशानी में डाल दिया है। इस संबंध में आम लोगों का कहना है कि बाजार में सब्जियों के दाम आसमान छू रहे हैं। समझ में नहीं आता क्या सब्जी खरीदें। कोई भी सब्जी 40 रुपए प्रतिकिलो से नीचे नहीं है। पांच लोगों के परिवार में एक टाइम की सब्जी बनाने में कम से कम 100 रुपए खर्च हो रहे हैं। इधर इस वर्ष हुई अच्छी बारिश से जहां धान की फसल को फायदा हुआ है, वहीं सब्जी की खेती को नुकसान पहुंचा है। सब्जियों की फसल चौपट होने का असर अब आम आदमी की थाली पर नजर आने लगा है। ग्राहको का कहना है कि सब्जियों की बढ़ी कीमत एक माह से कम होने का नाम ही नही ले रही है। हमलोग सब्जी पाव में खरीदने को मजबूर हैं। अब तो स्तिथी यह है कि प्याज लहसुन से भी परहेज करना पड़ेगा।

## तापमान में गिरावट के बाद ठंढ में हुई वृद्धि




**सेन्हा-लोहरदगा।** तापमान में अचानक गिरावट से ठंड में वृद्धि हुई है। जिसे ठंड के कारण लोग सुबह शाम घर मे दुबके रहते हैं। और लोगों का दिनचर्या बदल गया है।वही छोटे बड़े और बूढ़े बुजुर्ग सभी अलाव के सामने बैठ कर ठंड से बचने का प्रयास कर रहे है। ठंड से बचाव के लिये दिन भर अधिकांश लोग गर्म व ऊनी कपड़ा उपयोग कर रहे हैं। वही ग्रामीण क्षेत्र में ठंढ से बचने के लिये पर्याप्त सुविधा का अभाव होने के कारण कुछ लोग अलाव का सहारा ले रहे हैं। तापमान में गिरावट के बाद ठंढ बढ़ने के साथ परेशानी भी बढ़ी है। फिर भी ग्रामीण क्षेत्र के लोग चादर कम्बल लपेट कर खेत खलिहान में काम करते दिखाई दे रहे हैं। साथ ही शाम होते ही लोग आग जलाकर अलाव के पास बैठकर ठंढ से बचने का उपाय करते हैं।

# चुनाव परिणाम को लेकर प्रात्यशियों की धड़कनें हुई तेज, मतगणना आज

### कई दिनों से हो रही थी गली-मोहल्लों में चर्चा, लगाए जा रहे थे कयास

**राहुल कौशल**

**लोहरदगा।** लोहरदगा में गत 13 नवंबर को विधानसभा चुनाव संपन्न हो गया है। मतगणना 23 नवंबर मतलब आज होगा। अब मतदान संपन्न होने के बाद किसके सिर पर ताज होगा, किसकी पराजय होगी, एक-दूसरे की लड़ाई में तीसरे की किस्मत कैसे चमकेगी इस पर चौक-चौराहों पर चर्चा पिछले कई दिनों से ही लगातार हो रही थी जिसपर आज विराम लग जायेगा। हार और जीत को लेकर भले ही इंडिया गठबंधन और एनडीए गठबंधन दावा कर रहे हैं, परंतु यह भी तय है कि इस चुनाव में खामोश मतदाताओं के वोट चुनाव का परिणाम घोषित करेंगे। मतदान के बाद मतदाताओं का एक बड़ा वर्ग खामोश है। लोहरदगा विधानसभा सीट को लेकर अटकलों का दौर जारी है ऐसा इसलिए भी है, क्योंकि यहां दो प्रमुख राष्ट्रीय पार्टियों और क्षेत्रीय पार्टियों के अलावा कई निर्दलीय प्रत्याशी अपनी किस्मत आजमा रहे हैं। मतदाता भी कंफ्यूज हैं कि ऐसी स्थिति में आखिर जीत किसकी होगी। वहीं बूथ स्तर पर माहौल



भांपकर प्रत्याशी अपनी जीत की उम्मीद लगाए बैठे हैं। इधर, मतदाता चुप हैं, क्योंकि कोई जीते या हारे, उन्होंने अपना काम कर दिया। फिलहाल लोहरदगा विधानसभा चुनाव के प्रत्याशियों की बैचेनी बढ़ गई है, क्योंकि जीत-हार के फैसले की घड़ी आज है। जिसमे अब मात्र कुछ घंटे ही शेष है। आज इवीएम खुलते ही प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला हो जाएगा। जानकारों की मानें तो हार और जीत के बीच नोटा बटन भी विलेन के रूप में है। हालांकि, नोटा बटन का प्रयोग करने वाले शहरी इलाके में ज्यादा हो सकते हैं। हो सकता है कि नोटा बटन से ग्रामीण अनभिज्ञ हों। इधर, जिले में मतदान को लेकर मतदाताओं में दिखे उत्साह को देखकर ऐसा लग रहा है कि मतदाता अब जागरूक हो गए हैं, उन्हें समझ में आ गया है कि एक वोट कितना कीमती है। मतदाता पसंद का नेता चुनकर ईवीएम का बटन दबाकर शांत तो हो गए, लेकिन इधर नतीजे को लेकर प्रत्याशियों की धड़कनें तेज हैं। चुनाव के फैसले सामने आने के बाद प्रत्याशियों को भी अपनों के अपनापन का एहसास भी हो जाएगा। पार्टी में संतुलन बनाने के प्रयासों का आंकलन हो जाएगा। ऐसा भी माना जा रहा है कि इस बार प्रत्याशियों को भितरघाती ही ले डूबेंगे, क्योंकि मुकाबला तगड़ा था। कोई किसी से कम नहीं थे। लोहरदगा विधानसभा चुनाव में राष्ट्रीय और राज्यस्तरीय राजनैतिक दलों के 03 प्रत्याशी, रजिस्ट्रीकृत राजनैतिक दलों के 06 प्रत्याशी और 08 निर्दलीय अभ्यर्थियों समेत कुल 17 प्रत्याशी भाग्य आजमा रहे हैं। इन 17 प्रत्याशियों में दो प्रत्याशी के बीच घमासान मुकाबले के आसार नजर आ रहे हैं। जिसमे एक है वर्तमान विधायक डॉ रामेश्वर उरांव जो कांग्रेस गठबंधन के प्रत्याशी है वही दूसरा है दो बार आजसु से विधायक रहे स्व कमलकिशोर भगत की पत्नी नीरू शान्ति भगत, वे एनडीए की प्रत्याशी है। इसके अलावा भाजपा से पूर्व विधायक रहे रमेश उरांव, भारतीय जनजागरण गांधीवादी पार्टी की राजपति देवी, झारखंड पीपुल्स पार्टी से पूर्व विधायक कमलकिशोर भगत के भाई अनिल कुमार भगत, बसपा से यशपाल भगत , लोकहित अधिकार पार्टी के पवन तिग्गा, पीपुल्स पार्टी ऑफ इंडिया डेमोक्रेटिक से बिहारी भगत, जयराम महतो की पार्टी झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा (जेएलकेएम) से किशोर उराँव, भारत आदिवासी पार्टी से अवधेश उराँव हैं। वही इस सीट से 08 निर्दलीय प्रत्याशी है जिनमे बिरेन्द्र उराँव, बृज मोहन उराँव, राजेश लोहरा , रामेश्वर लोहरा, संतोष भगत, सनीया उराँव, रमेश उरांव और सोमा उराँव शामिल हैं। आज किसके सिर पर ताज होगा यह फैसला हो जाएगा। वही चुनावी विश्लेषकों का मानना है कि लोहरदगा सीट पर हार-जीत का अंतर मामूली होने वाला है। इस बीच, उम्मीदवारों और उनके समर्थकों में भी असमंजस का माहौल बना हुआ है। बहरहाल जिले के कई चौक-चौराहों और बाजारों में लोगों के बीच चुनावी चचाएं गर्म हैं। चुनाव के परिणामों को लेकर आम नागरिक भी विशेष रुचि ले रहे हैं, और हर जगह चर्चा का विषय बना हुआ है कि किस पार्टी को जीत मिलेगी। चारों ओर मतगणना के पूर्व ही अपने राजनीति गणित के आधार पर जीत-हार का फैसले करते हुए एक-दूसरों के साथ चचाओं में मशगूल हैं। सभी लोग अपने समर्थित उम्मीदवार की जीत बताने में पीछे नहीं हट रहे हैं।

## न्यूज बॉक्स

### जानलेवा गड्ढ़ा बन गया है कुड़ू का बाईपास मुहाना



**कुड़ू/लोहरदगा।** कुड़ू मस्जिद मोड़ के समीप बाईपास मुहाने पर जानलेवा गड्ढा बना हुआ है। गड्ढे का सरिया तक बाहर निकल गया है। किसी भी दुर्घटना से इंकार नहीं किया जा सकता है। इस बाईपास रोड से सैकड़ों गाड़ियां गुजरती है। कुड़ू बस स्टैंड इस पथ से कुछ हीं दूरी पर है। अंतर्राज्यीय बस पड़ाव होने के कारण यह व्यस्तम पथ है। ज्ञात हो कि इस पथ का जीर्णोद्धार लगभग दो- तीन वर्ष पूर्व हुआ था। इसके समीप क?ई दुकानें हैं जहां टेंपुओं का भी जमावड़ा लगा रहता है। बाजार हाट के दिनों में जाम की स्थिति बनी रहती है। ऐसी दशा में किसी भी दुर्घटना की संभावना से इंकार नहीं किया जा सकता है। स्थानीय जनप्रतिनिधि, जिला प्रशासन, लोक निर्माण विभाग, जिला परिषद, पंचायत प्रतिनिधि सभी देखकर भी अनजान बने बैठे हैं।

### रक्तदान करने से जनकल्याण होता है : एनएसयूआई



**लोहरदगा।** भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन (एनएसयूआई) लोहरदगा द्वारा एक जरूरतमंद एक गर्भवती महिला को एक यूनिट ब्लड देकर जीवनदान दिया गया। नगजुवा निवासी सुमंती देवी पति शंकर उरांव को ओ+ ब्लड की अचानक आवश्यकता पड़ गई। कई जगह पता करने के बाद छात्र संगठन एनएसयूआई के पदाधिकारी से सहायता हेतु बात रखा। इस पर त्वरित संज्ञान लेते हुए एनएसयूआई के पूर्व जिला महासचिव मनौव्वर आलम ने स्वयं आगे बढ़कर महिला को रक्तदान कर जीवनदान देने का कार्य किया। साथ ही यह संदेश दिया कि रक्तदान करना किसी को जीवन दान देने के समान है। रक्तदान करने से शरीर के कई बीमारियों से दूर और तंदुरुस्त रहता है। ब्लड प्रेशर, मानसिक तनाव, डिप्रेशन जैसे कई समस्या का समाधान स्वतः हो जाता है इसलिए जब भी मौका मिले तो सभी को आगे आकर रक्तदान जरूर करना चाहिए। मौके पर संगठन के प्रदेश अध्यक्ष विनय उरांव, प्रदेश महासचिव सैफ अहमद, फारूक हुसैन, मोहम्मद आफताब, साहिल अंसारी, सैफुल्ला अंसारी, सविता कुमारी आदि पदाधिकारीयों ने महिला की जल्द स्वास्थ्य होने की कामना किया।

### आजसू ख्याली पुलाव बनाते रहे जमुरियत में जनता सर्वोपरी : रामाधार



**लोहरदगा।** जिला कांग्रेस कमिटी के प्रवक्ता सह जिला मीडिया प्रभारी रामाधार पाठक ने बयान जारी कर रहा कि आजसू के कार्यकर्ता एवं प्रत्यासी ख्याली पुलाव पकाते रहे। जनता ने आदेश दे दिया है, 23 को कांग्रेस के प्रत्यासी डॉ0 रामेश्वर उरांव प्रचण्ड बहुमत से जीत दर्ज करेंगे। अब तक के रिकॉर्ड तोड़ वोट का आंकड़ा से पता चल रहा है कि जनता का आपार समर्थन इंडिया गठबंधन के साथ है। और हम सरकार बनाने की ओर अग्रसर हैं। जमुरियत में जनता सर्वोपरि होती है। पिछले कार्यकाल में वित्त मंत्री जी के द्वारा जन विकास के लिए जो जो कार्य किया गया है जनता आज देख रही है और इसी का परिणाम है कि अब तक का रिकार्ड तोड़ वोटरूपी आशीर्वाद जनता ने दे दिया है।

### अग्निशमन प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन



**लोहरदगा।** मनोहर लाल अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर इंटर महाविद्यालय, लोहरदगा में तरुण भैया-बहनों को अग्निशामक का उपयोग करने का प्रशिक्षण दिया गया। इस अवसर पर आचार्या प्रीति कुमारी गुप्ता एवं आचार्य सत्यम सतलज ने अग्निशामक उपकरणों के उपयोग की विधि को विस्तारपूर्वक समझाया। कार्यक्रम में अग्निशमन उपकरणों के सही प्रयोग, सुरक्षा उपायों और आग से बचाव के तरीके सिखाए गए। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों को आपातकालीन स्थितियों में आत्मरक्षा और जागरूकता के लिए तैयार करना था। इस आयोजन में रेणु कुमारी, रश्मि साहू, यशोदा कुमारी, ऋद्धि मिश्रा, सनोज कुमार साहू, नीतू कुमारी, रितेश कुमार पाठक, आरती भगत सहित विद्यालय के सभी आचार्य-आचार्या और भैया-बहन उपस्थित रहे।

## भारी मतों से जीतेगा आजसू : नीरू शांति भगत

**नवीन मेल संवाददाता**



**लोहरदगा।** आजसू पार्टी लोहरदगा विधानसभा सीट भारी मतों से जीतकर लोहरदगा की जनता की आशा और आकांक्षाओं में खरा उतरने का कार्य करेगी। मतगणना केंद्र में आजसू के जो भी कार्यकर्ता रहेंगे तथा जो मतगणना केंद्र के बाहर रहेंगे उनसे मैं आग्रह करती हूं, कि संयम और सजग रहें। जीत हमारी है किंतु सतर्कता जरूरी है। जो भी लोग मतगणना केंद्र के बाहर रहेंगे अति उत्साह में नहीं आएंगे ऐसा मेरा आग्रह होगा। हम जीत रहे हैं परंतु यह जीत लोहरदगा की जनता का जीत है और इस जीत में यहां के लोगों का प्यार और भरोसा तथा आंदोलनकारीयों के सपनों का झारखंड बनाने का दायित्व और जिम्मेवारी दोनों साथ में आ रही हैं। मैं कोशिश करूंगी की लोहरदगा की जनता को एक सच्चा सेवक मिले। मैं हमेशा सेवक की तरह सेवा भावना के साथ खड़ी रहूंगी। कार्यकर्ता कल के मतगणना केंद्र के आसपास और मतगणना केंद्र के अंदर संयमित रहते हुए अपने दायित्व का निर्वहन करेंगे। हम वैसे लोग हैं जो झारखंड के लिए अपना सब कुछ निछावर किए हैं। अब हमें सपनों का झारखंड बनाने का अवसर प्राप्त हो रहा है। अतः इस अवसर को हम सभी एनडीए के लोग मिलकर शानदार बनाएंगे। कार्यकर्ताओं से बात करते हुए नीरू शांति भगत ने यह बात कही उन्होंने कार्यकर्ताओं को कल मतगणना केंद्र जाने के लिए सलाह देते हुए उक्त बातें कही। उन्होंने कहा कि हम सभी एनडीए के कार्यकर्ता चाहे वह छोटे लेवल का हो या बड़े सब एक हैं। सबकी जिम्मेदारी है सभी लोग जिम्मेवार हैं। हम जीत रहे हैं और जीतने के बाद सभी लोग मिलकर इस जीत के लिए लोहारदगा कि जनता को धन्यवाद देते हुए। जो विश्वास यहां की जनता ने हम पर की है उसे विश्वास पर सभी लोग मिलकर खरा उतरने का कार्य करेंगे। इसमें आप सभी का सहयोग चाहिए। जो अभी तक मिला है। आगे भी हमें इस सहयोग की आशा और उम्मीद है हमें लगता है कि आप सभी लोग हमारे साथ चलेंगे सभी को अग्रिम बधाई।

## लोहरदगा कृषि बाजार परिसर में 18 राउंड में होगी वोटों की गिनती

**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण ने कृषि उत्पादन बाजार समिति लोहरदगा में 72-लोहरदगा (एसटी) हेतु बनाये गए मतगणना केंद्र का निरीक्षण किया। इस दौरान सुरक्षा की तैयारी, मतगणना हेतु निर्धारित टेबलों की तैयारी, समेत अन्य तैयारियों का अवलोकन किया। साथ ही आवश्यक निर्देश पदाधिकारियों को दिए। इधर लोहरदगा विधानसभा सीट पर चुनाव की मतगणना 23 नवंबर को कृषि बाजार परिसर में 18 राउंड में होगी। जिला निर्वाचन अधिकारी सह उपायुक्त डा वाघमारे प्रसाद कृष्ण,



एसपी हारिश बिन जमां और निवार्ची अधिकारी सह अनुमंडल अधिकारी अमित कुमार पूरी व्यवस्था का निर्देशन और निगरानी कर रहे हैं। वोटों की गिनती सुबह आठ बजे से शुरू होती है। सबसे पहले बैलेट पेपर और ईटीपीबीएस वोटों की गिनती होती है। साढ़े आठ बजे के बाद सभी टेबलों पर एक साथ ईवीएम के वोटों की काउंटिंग शुरू होगी।मतों की गिनती का पहला रुझान सुबह नौ बजे से आना शुरू हो जाएगा। निरीक्षण में अपर समाहर्ता जितेंद्र मुंडा, निवार्ची पदाधिकारी 72-लोहरदगा(एसटी)-सह-अनुमण्डल पदाधिकारी लोहरदगा अमित कुमार, उप निर्वाचन पदाधिकारी धीरज ठाकुर समेत अन्य पदाधिकारीगण उपस्थित थे।

## भंडरा में हैवेल्स कंपनी का शोरूम का उद्घाटन



**भंडरा।** भंडरा के मेन रोड स्थित प्रिया इंटरप्राइजेज में हैवेल्स कंपनी का शोरूम का उद्घाटन शुक्रवार को किया गया। शोरूम का उद्घाटन आचार्य सूर्यनारायण पाठक, हैवेल्स कंपनी के मार्केटिंग अफसर राहुल कुमार, सामाजिक कार्यकर्त्ता राजू शर्मा के द्वारा संयुत रूप से फीता काटकर व दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। इस दौरान मार्केटिंग ऑफिसर राहुल ने कहा की हैवेल्स कम्पनी सभी तरह के घरेलु इलेक्ट्रिकल सामग्री का निर्माण करती हैं, जैसे तार बल्ब, फैन, एयर कंडीशनर, फ्रिज, टीवी आदि।इसकी क्वालिटी उत्तम होती है ।मौके पर शो रूम के मालिक ओम प्रकाश कुमार , प्रिया देवी, विशाल कुमार, केशव कुमार, मकुन्दर सोनी, सहित अन्य ग्रामीण मौजूद थे।

# बीएनएसएस की धारा-163 के अंतर्गत निषेधाज्ञा लागू

### निषपक्ष व शांतिपूर्ण मतगणना को लेकर लोहरदगा अनुमंडल क्षेत्र में निषेधाज्ञा लागू

**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** अनुमंडल दंडाधिकारी, लोहरदगा अमित कुमार ने निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण मतगणना सम्पन्न हो इसको लेकर लोहरदगा अनुमण्डल के सम्पूर्ण क्षेत्र में भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) की धारा 163 में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए दिनांक-23.11.2024 को पूर्वाहन 1:00 बजे से 24.11.2024 के रात्रि 12:00 बजे तक के लिए निषेधाज्ञा लागू किया है। एसडीओ अमित कुमार ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा विधानसभा निर्वाचन-2024 की घोषणा की तिथि से ही सम्पूर्ण क्षेत्र में आदर्श आचार संहिता प्रभावी है। मतगणना की आज कषि बाजार समिति, लोहरदगा में पूर्व से निर्धारित है। इसको लेकर जातीय साम्प्रदायिक तथा धार्मिक विद्वेष की भावना फैलाने के लिए आवंछित / असामाजिक तत्वों के सक्रिय होने



***मतगणना परिक्षेत्र में ध्वनि विस्तारक यंत्र माईक, चोंगा, डीजे का प्रयोग नहीं किया जायेगा***

तथा हार-जीत को लेकर वाद-विवाद के कारण विधि-व्यवस्था की समस्या उत्पन्न हो सकती है, जिसके कारण लोक शांति भंग हो सकती है। सम्पूर्ण मतगणाना केन्द्र के आसपास एवं लोहरदगा शहरी/ग्रामीण क्षेत्र में किसी प्रकार की घातक हथियार, आग्नेयास्त्र या विस्फोटक पदार्थ लाने एवं ले जाने पर पूर्णतः प्रतिबंध रहेगा। जो शस्त्र अनुज्ञप्तिधारियों पर भी प्रभावी होगा। कोई भी व्यक्ति/संगठन / ग्रुप के द्वारा फेक न्यूज अथवा, अन्य प्रकार का भ्रामक न्यूज/मैसेज/फोटो इत्यादि का प्रसार न तो सोशल मिडिया और न किसी अन्य इलेक्ट्रॉनिक के माध्यम से प्रसारित करेंगे। ध्वनि विस्तारक यंत्र का प्रयोग 6:00 बजे प्रातः से 10:00 बजे रात्रि तक ही करेंगे। मतगणना परिक्षेत्र में ध्वनि विस्तारक यंत्र माईक, चोंगा, डीजे का प्रयोग नहीं किया जायेगा। मतगणना परिक्षेत्र में जाति, धर्म, समुदाय आदि में शत्रुता या घृणा पैदा करने से संबंधित जयघोष या नारा नहीं लगायेंगे। किसी भी पार्टी के उम्मीदवार या कार्यकर्त्ता अन्य किसी भी दल/पार्टी का व्यक्तिगत / नीजि जीवन को लक्षित नहीं करेंगे।मतगणना दिवस के दिन सरकारी स्वामित्व वाले गेस्ट हाउस, भवन का कोई भी हिस्सा किसी भी राजनैतिक गतिविधियों / सभा/ बैठक के लिए उपयोग नहीं किया जायेगा। मतगणना दिवस के दिन अतिउत्साहित होकर ऐसा कोई कार्य नहीं करेंगे।

जिससे की विधि-व्यवस्था की समस्या उत्पन्न हो। मतगणना प्रांगन के अन्दर अनाधिकृत व्यक्तियों का प्रवेश को रोकने हेतु भारत निर्वाचन आयोग के निदेशानुसार त्रिस्तरीय सुरक्षा घेरा प्रणाली स्थापित की गई है। प्राथमिक सुरक्षा घेरा का प्रारंभ गणना परिसर की 100 मीटर की परिधि के आसपास होगी, जो कि पैदल मार्ग के रूप में निर्धारित होगा। इस परिधि के अन्दर किसी भी वाहन को प्रवेश की अनुमति नहीं दी जायेगी। उम्मीदवार / गणना अभिकर्त्ता एवं गणना पदाधिकारी की पहचान व सत्यापन प्राथमिक प्रवेश द्वार पर ही किया जाएगा। प्रवेश द्वार पर भीड़ को नियंत्रित करने के लिए वहां एक दंडाधिकारी प्रतिनियुक्त रहेंगे। द्वितीय स्तर एवं मध्य घेरा मतगणना परिसर के गेट पर रहेगा। इस स्तर पर सुरक्षा घेरा इस प्रकार व्यस्थित रहेगा जिससे कोई भी निषद्ध व्यक्ति अन्दर प्रवेश न कर सके।

यह भी सुनिश्चित किया जाय कि किसी भी स्थिति में माचिस, हथियार अथवा अन्य ज्वलनशील वस्तुएँ यदि मतगणना परिसर में प्रवेश न कर सके। तृतीय स्तर व सबसे भीतरी घेरा मतगणना हॉल के दरवाजे पर होगा। इस स्तर पर भी मतगणना हॉल में प्रवेश करने वालों का उचित तालाशी ली जाएगी ताकि कोई भी मोबाईल फोन एवं अन्य प्रतिबंधित सामग्री मतगणना हॉल के अन्दर न ले जा सकें। ई०सी०आई०/निवार्ची पदाधिकारी/जिला निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा जारी फोटो पहचान पत्र के बिना किसी भी व्यक्ति को प्राथमिक सुरक्षा घेरा के अन्दर प्रवेश करने की अनुमति नहीं दी जायेगी।

